# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

27 अक्टूबर 2024, रविवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा कोलकाता, पश्चिम बंगाल में सदस्यता अभियान के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**पश्चिम बंगाल में भाजपा के एक करोड़ सदस्य बना कर TMC की भ्रष्ट और तुष्टीकरण वाली सरकार को उखाड़ कर 2026 में भाजपा की सरकार बनानी है।**

********************

**पश्चिम बंगाल में स्टेट स्पॉन्सर घुसपैठ, गो-तस्करी, महिलाओं के खिलाफ अपराध और भ्रष्टाचार को रोकने का एक ही रास्ता है - 2026 में भाजपा की सरकार।**

********************

**पश्चिम बंगाल में जब आप भाजपा से जुड़ते हैं, तो कम्युनिस्ट और ममता दीदी के आतंक से मुक्ति दिलाने के संकल्प से भी जुड़ते हैं।**

********************

**पश्चिम बंगाल में भाजपा के सदस्यता अभियान का मतलब है - घुसपैठ, महिलाओं के अपमान, गो-तस्करी व गुंडागर्दी की समाप्ति।**

********************

**भाजपा पश्चिम बंगाल के विकास एवं सुरक्षा के लिए काम करती है, न कि भतीजे को मुख्यमंत्री बनाने के लिए।**

********************

**भाजपा ने हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनाई और अब महाराष्ट्र और झारखंड में भी भाजपा की सरकार बनेगी।**

********************

**कार्यकर्ताओं को TMC के अत्याचारों और जुर्म से जरा भी घबराना नहीं है, क्योंकि भाजपा ने कई राज्यों में ऐसे जुर्म करने वालों को सत्ता से हटाकर सरकार बनायी है**

********************

**बांग्ला भाषा को क्लासिकल भाषा का सम्मान देने का काम मोदी जी ने किया। ममता दीदी ने इसके लिए प्रधानमंत्री जी के प्रति अभार तक व्यक्त नहीं किया।**

********************

**मोदी जी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल फिर से सोनार बांग्ला बनकर रहेगा।**

********************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज रविवार को कोलकाता, पश्चिम बंगाल में सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया और इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पश्चिम बंगाल के पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से राज्य में एक करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया। इस अवसर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ सुकांतो मजूमदार, सदन में विपक्ष के नेता श्री सुवेंदु अधिकारी, राष्ट्रीय महासचिव श्री सुनील बसंल, पश्चिम बंगाल के भाजपा प्रभारी श्री मंगल पांडेय, केंद्रीय मंत्री श्री शांतनु ठाकुर, दादा साहेब फाल्के अवार्ड से सम्मानित प्रसिद्ध कलाकार मिथुन चक्रवती, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री दिलीप घोष, संगठन मंत्री श्री अमिताभ चक्रवर्ती, सह प्रभारी श्री अमित मालवीय एवं श्री ऋतुराज सिन्हा समेत भाजपा के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

श्री शाह ने कहा कि जब देश संकट में आता है, पूरा देश इसी बंग भूमि को आशा भरी नजरों से देखता है। मैं इस भूमि के महान सपूत, श्री रवींद्र नाथ टैगोर जी, स्वामी विवेकानंद जी, सुभाषचंद्र बोस जी, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी, खुदीराम बोस जी समेत अनगिनत माँ भारती की सेवा करने वाले शहीदों को याद करता हूँ। बंग भूमि के डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ की स्थापना की। उन्हीं का रोपा हुआ बीज आज वटवृक्ष बनकर भारतीय जनता पार्टी समग्र दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनकर उभरा है। हम सबको गर्व है कि हम लोग उस पार्टी के सदस्य हैं जो विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दस करोड़ से पार कर गई है। पश्चिम बंगाल भारतीय जनता पार्टी ने निर्णय किया था कि दुर्गा पूजा के बाद सदस्यता अभियान शुरू करेंगे। इसी कारण पश्चिम बंगाल में भाजपा का सदस्यता अभियान थोड़ी देर से चल रहा है। मुझे पूरा विश्वास है कि पश्चिम बंगाल के कार्यकर्ता सदस्यता अभियान में पीछे नहीं रहेंगे और एक करोड़ का लक्ष्य प्राप्त करेंगे।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि भाजपा में किसी की सदस्यता आजीवन नहीं होती है। छह साल के बाद हर एक सदस्य की सदस्यता समाप्त हो जाती है। पार्टी को भी मौका मिलता है कि कार्यकर्ता के काम को देखकर सदस्य बनाए या नहीं बनाए। कार्यकर्ता को भी मौका मिलता है कि पार्टी के काम को देखकर फिर से सदस्य बने। इतनी लोकतांत्रिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी है इस तरह की पार्टी देश में एक भी पार्टी नहीं है। देश में सभी राजनीतिक दल जाति और परिवार के आधार पर चलने वाली पार्टी है। भारतीय जनता पार्टी एकमात्र पार्टी है जिसका राष्ट्रीय अध्यक्ष या प्रधानमंत्री पार्टी का अदना सा कार्यकर्ता होता है। कार्यकर्ता को उच्चतम स्तर पर पहुंचाने वाली पार्टी भाजपा है।

श्री शाह ने कहा कि जब भाजपा ने मुझे पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया, तब एक नया रिकार्ड बना। एक ऐसा कार्यकर्ता जो 1982 में बूथ अध्यक्ष था, उसने पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनकर भाजपा का नेतृत्व किया। जब भाजपा में एक कार्यकर्ता बनते हैं तो राष्ट को महान बनाने की यज्ञ में आहुति देते हैं। उन्होंने पश्चिम बंगाल की जनता और युवाओं से अपील की कि भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बनें और राष्ट्र को महान बनाने की प्रक्रिया में जुड़ें। साथ ही, सोनार बंगला बनाने का सपना साकार करने में अपना सहयोग दें। भाजपा का सदस्य बनने का मतलब है कि कविगुरु की पश्चिम बंगाल की रचना में योगदान देना है, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की पश्चिम बंगाल की रचना में सहयोग करना है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **देश में कोई व्यक्ति भाजपा के साथ जुड़ता है तो राष्ट्र यज्ञ में शामिल हो जाता है लेकिन पश्चिम बंगाल में कोई व्यक्ति भाजपा से जुड़ता है तो वो कम्युनिस्ट और ममता दीदी के आतंक से पश्चिम बंगाल को मुक्त कराने के यज्ञ से जुड़ता है।** युवाओं और जनता से अपील करते हुए श्री शाह ने कहा कि **पश्चिम बंगाल एक सीमांत राज्य है और यहां तृणमूल कांग्रेस की सरकार के संरक्षण में घुसपैठ हो रहा है, उसे रोकने के लिए एकमात्र रास्ता है कि वर्ष 2026 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनानी होगी।** आज पश्चिम बंगाल में रवींद्र संगीत की जगह बम धमाके सुनाई पड़ते हैं। इसे रोकने के लिए वर्ष 2026 में भारतीय जनता

पार्टी की सरकार बनानी होगी। **पश्चिम बंगाल में गौ-तस्करी को रोकने के लिए एकमात्रा रास्ता है कि पश्चिम बंगाल में एक करोड़ भाजपा के सदस्य बनाएं।**

श्री शाह ने सीएम ममता बनर्जी की सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि **पश्चिम बंगाल में नौकरी देने में भ्रष्टाचार, अनाज बांटने में भ्रष्टाचार, स्वास्थ्य सेवा में भ्रष्टचार, पश्चिम बंगाल में हर काम में भ्रष्टाचार है। पश्चिम बंगाल में कटमनी का बोलबाला को समाप्त करने का एकमात्र रास्ता है कि वर्ष 2026 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाए। पश्चिम बंगाल में सिंडिकेट की गुंडगर्दी है। माताओं-बहनों के सम्मान को तार-तार कर दिया जाता है, चाहे संदेशखाली की घटना हो या आरजी मेडिकल कॉलेज की घटना हो। पश्चिम बंगाल में गुंडागर्दी को बंद करना है तो एकमात्र रास्ता है कि पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाएं।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **भारतीय जनता पार्टी की सरकार उसके कार्यकर्ताओं से बनती है। ये लोग (टीएमसी) गुंडगर्दी करेंगे, जुल्म करेंगे, वोट डालने नहीं देंगे और भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला करेंगे।** कई भाजपा कार्यकर्ता शहीद हुए। श्री शाह ने पश्चिम बंगाल की जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि **पश्चिम बंगाल में भाजपा कार्यकर्ताओं का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा और पश्चिम बंगाल फिर से सोनार बांगला बनेगा।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में ही पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। **2026 में दो तिहाई बहुमत से भाजपा की सरकार पश्चिम बंगाल में बनेगी।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार आज देशभर में है। पहले भाजपा उत्तर में थी, फिर पश्चिम में गए, फिर नार्थ ईस्ट में गयी और अब दक्षिण भारत में भी भाजपा पैर पसार रही है, उड़िसा में भी भाजपा की सरकार है। जहां भी भाजपा सरकार बनाती है उसका नींव भाजपा का सदस्यता अभियान है। **आज पश्चिम बंगाल में सदस्यता अभियान की शुरूआत हो रही है और हमने यहाँ एक करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है।**

श्री शाह ने कहा कि लोक सभा चुनाव 2024 में भाजपा को पश्चिम बंगाल में कुछ सीटें कम आयी तो ममता बनर्जी बहुत उत्साह में दिख रही है। उनको लगता है कि भाजपा की गति धीमी पड़ गयी है जबकि ममता दीदी को मुगालते में नहीं रहना चाहिए, क्योंकि भाजपा वो पार्टी है, जो दो सीटें लाकर 370 लायी और धारा-370 हटा दी। **भाजपा वो पार्टी है जो उद्देश्य के लिए काम करती है, न कि भतीजे को मुख्यमंत्री बनाने के लिए। ममता दीदी! भारतीय जनता पार्टी को राजनीति में आने का उद्देश्य है कि पश्चिम बंगाल को भारत माता की अभेद्य सुरक्षा की दीवार बनाना।** हमारा उद्देश्य **पश्चिम बंगाल को भाजपा गढ़ बनाना है।** लोकसभा के परिणाम देखकर कुछ देर के लिए खुश हो जाइए, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी चुनाव के मैदान में नए सदस्यों और नई उर्जा के साथ उतरेगी। हमारे **कार्यकर्ता भारत माता की जयकारे और जय श्रीराम के जयकारे के साथ उतरेंगे तो हमे रोक नहीं पाएंगे और वर्ष 2026 में भाजपा की सरकार बनेगी।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **राहुल बाबा एंड कंपनी बहुत खुश हो रही है, जिसमें ममता दीदी भी शामिल हैं। ये लोग मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में सरकार बनाने का सपने देख रहे थे और भारतीय जनता पार्टी चुनाव जीत गयी। ये लोग अभी-अभी हरियाणा में भी सरकार बनाने का सपने देख रहे थे और भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा में लागातार तीसरी बार सरकार बनायी। महाराष्ट और झारखंड में भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी।**

श्री शाह ने कहा कि लोक सभा चुनाव के बाद **राहुल बाबा संसद में बोलते हैं कि हमने भाजपा को हरा दिया। राहुल बाबा! जो हारता है वह विपक्ष में बैठता है। जो जीतता है वो प्रधानमंत्री बनता है।** इतनी सी सामान्य बात भी उन्हें मालूम नहीं है। **इस देश में 60 साल के बाद किसी एक नेता के नेतृत्व में किसी एक पार्टी ने तीसरी बार सरकार बनायी है, तो वह आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार**

**बनायी है**। **लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को 240 सीटें मिली है तो वे (राहुल गांधी) माखौल उड़ाते हैं और अहंकार में आ गए हैं। राहुल बाबा! वर्ष 2014, 2019 और वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के परिणामों को जोड़कर भी कांग्रेस पार्टी 240 तक नहीं पहुंच पाती है। कांग्रेस और उनके इंडी एलायंस के सभी घटक दल भी 240 के पार नहीं कर पाए। इसके बावजूद वे कहते हैं कि चुनाव जीत गए।** उनको अपने स्वप्न में रहने दीजिए। लोकसभा चुनाव 2024 में सात राज्यों के अंदर भारतीय जनता पार्टी को 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिला है। चार राज्यों में भाजपा ने क्लीन स्वीप किया है और चार राज्यों में 90 प्रतिशत से ज्यादा सीटें भारतीय जनता पार्टी को मिली है। राज्यसभा में भारतीय जनता पार्टी को बहुमत है। 60 सालों के बाद देश की जनता ने किसी एक नेता को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाया है तो वह भाजपा के नेता माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाया है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने पश्चिम बंगाल के भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि **भाजपा का अगला सबसे बड़ा लक्ष्य है वर्ष 2026 में पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाना। तृणमूल के अत्याचारों और जुर्म से जरा भी घबराना नहीं है, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी ने कई राज्यों में ऐसे जुर्म करने वालों को सत्ता से हटाकर सरकार बनायी है** और उन राज्यों में गरीब कल्याण का महायज्ञ चलायी है। श्री शाह ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने दस साल के अंदर देश के गरीबों के पक्का मकान, घर में बिजली, शौचालय, पेयजल, गैस का सिलिंडर, प्रति व्यक्ति प्रति माह पांच किलो मुफ्त अनाज, पांच लाख रुपए तक मुफ्त इलाज, बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था की है। मैं आज सुबह बॉर्डर पर गया था, जहां कुछ लोग मिले और वे लोग कहे कि उन्हें आयुष्मान भारत का लाभ नहीं मिल रहा है। मैंने उनसे कहा कि चिंता मत करो, 2026 तक धैर्य रखो, 75 सालों से धैर्य रखा है। वर्ष 2026 से हर गरीब को आयुष्मान भारत का लाभ मिलने लगेगा। हर गरीब को मिलने वाला पांच किलो अनाज सिंडिकेट का भेंट नहीं चढ़ेगा। मनरेगा का पैसा किसी चुनावी फंड में नहीं जाएगा। नौकरी, शिक्षा के लिए युवाओं को लाखो रुपए की रिश्वत नहीं देनी पड़ेगी। हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी ने एक ही मुद्दे पर जीती है, वो मुद्दा है खर्ची-पर्ची के बगैर नौकरी देना। कोई खर्चा नहीं, कोई सिफारिश की जरूरत नहीं और डाकिया घर में अप्वाईटमेंट लेटर लेकर पहुंच जाता है। पश्चिम बंगाल के युवाओं को पारदर्शी तरीके से नौकरी लेनी है तो भारतीय जनता पार्टी पश्चिम बंगाल में व्याप्त भ्रष्टाचार को नेस्तनाबूद करेगी।

श्री शाह ने कहा कि **ममता दीदी भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाती है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी पश्चिम बंगाल के साथ अन्याय कर रहे हैं। दस सालों तक इंडी एलायंस की सरकार रही और ममता बनर्जी उसका समर्थन कर रही थी, तब 2004 से 2014 तक इंडी एलायंस ने पश्चिम बंगाल को कितना पैसा दिया? ममता बनर्जी इस सवाल पर चुप हो जाती है। 2004 से 2014 तक यूपीए की सरकार अर्थात इंडी एलायंस की सरकार ने पश्चिम बंगाल 2.09 लाख करोड़ रुपए दी थी। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने वर्ष 2014 से 2024 तक पश्चिम बंगाल को 7.74 लाख करोड़ रुपए दिए। ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल की जनता को गुमारह कर रही है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **बांग्ला भाषा को क्लासिकल भाषा की श्रेणी में रखने की मांग पिछले कई वर्षों से लंबित थी। ममता बनर्जी ने इसमें कोई योगदान नहीं दिया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने बांग्ला भाषा को क्लासिकल भाषा का दर्जा दिया** और कवि जयदेव, महाकवि चंडी दास, महान बंकिम चंद्र, गुरु रविंद्रनाथ टैगोर और महान उपन्यासकार शरतचंद्र जी को सम्मान दिया है। **ममता बनर्जी ने इसके लिए प्रधानमंत्री के प्रति अभार तक व्यक्त नहीं किया। इस तरह की राजनीति की शुरूआत ममता बनर्जी ने की है, इसका अंत 2026 में होगा।**

श्री शाह ने कहा कि **ममता बनर्जी आरोप लगाती है कि केंद्र सरकार मनरेगा में अन्याय कर रही है। यूपीए सरकार में दस साल में मनरेगा के लिए पश्चिम बंगाल को 15 हजार करोड़ रुपए मिला था जबकि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने पश्चिम बंगाल को 54 करोड़ रुपए दिया है।** दुर्भाग्य से पश्चिम बंगाल में वो 54 हजार करोड़ रुपए पश्चिम बंगाल के मजदूरों के हाथ में नहीं पहुंचा और सिंडिकेट बीच में उस पैसों को खा गयी। श्री शाह ने पश्चिम बंगाल के मजदूरों को विश्वास दिलाया कि वर्ष 2026 में परिवर्तन कर दीजिए और मनरेगा का पाई-पाई पैसा पश्चिम बंगाल के मजदूरों के बैंक खाते में पहुंच जाएगा, कोई भी बीच में पैसा नहीं खा पाएगा। माननीय प्रधानमंत्री जी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पश्चिम बंगाल को 50 हजार करोड़ रुपए दिया। ग्रामीण आजीवका मिशन के लिए यूपीए सरकार ने 630 करोड़ रुपए दिए और आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 51 हजार करोड़ रुपए दिया। ममता दीदी सिर्फ जनता को गुमारह कर रही है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के एक करोड़ सदस्य बनने वाले हैं। जब भाजपा कम थी, तब भी हमने उनकी हालत खराब कर दी थी और एक करोड़ हो जाएंगे तो क्या होगा? यह सोचिये। पश्चिम बंगाल में आज से संगठन पर्व की शुरुआत हो रही है। देशभर में सदस्यता अभियान का एक मतलब है और पश्चिम बंगाल में सदस्यता अभियान के कई मतलब हैं। देशभर में सदस्यता अभियान को मतलब है पार्टी को आगे बढ़ाना, देश को आगे बढ़ाना, लोकतांत्रिक प्रक्रिया को आगे बढ़ाना और चुनाव प्रक्रिया को आगे बढ़ाना है। लेकिन, पश्चिम बंगाल में सदस्यता अभियान का मतलब है घुसपैठ को रोकना, बम धमाकों को रोकना, गौ-तस्करी को रोकना, कोयला तस्करी को रोकना, माता-बहनों के अपमान को रोकना, और भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा को समाप्त करना है। अगर सोनार बांग्ला बनाना है तो एक ही विकल्प है भारतीय जनता पार्टी। पश्चिम बंगाल में कम्युनिस्टों को लंबा समय मिला। कांग्रेस को भी लंबे समय तक सत्ता मिली और तृणमूल कांग्रेस को बहुत समय हो चुका है और उनका समय समाप्त हो चुका है। अब एक ही विकल्प है केवल और केवल भारतीय जनता पार्टी।

श्री शाह ने भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल सरकार उखाड़ कर कानून का शासन स्थापित कीजिए। पश्चिम बंगाल के गौरव को पुनर्जीवित करने, दुर्गा पंडालों की रक्षा करने, माता-बहनों के सम्मान की रक्षा करने के लिए भारतीय जनता पार्टी को मजबूत बनाइये। हर गांव, हर गली और हर घर जाकर भाजपा कार्यकर्ता इस नंबर के माध्यम से पश्चिम बंगाल के युवाओं, माता-बहनों और जनता को पार्टी का सदस्य बनाए। हर कॉलेज, हर मनरेगा के पीड़ित मजदूर, हर युवाओं को भाजपा के साथ जोड़ें। यहां धान की खरीदी नहीं होती है। वैसे किसानों को पार्टी से जोड़िए।

********************